हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

1. लोकसभा ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित हो गया है।

2. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऊर्जा भंडारण प्रणालियों सहित तैरती सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के के लिए प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना को और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी है।

3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों को दी जाने वाली सहायता में बढ़ोतरी को स्वकृति दी।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटियाला जिले के सनौर में शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और जनता से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

5. केंद् सरकार ने स्पष्ट किया है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम भारत की खाद्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।

*************************************************************************

लोकसभा में जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित हो गया है। पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 पर विचार और पारित करने के लिए चर्चा शुरू की। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष के हंगामे के बीच विधेयक पेश किया। सदन में बिना किसी चर्चा के हंगामे के बीच यह विधेयक पारित हो गया।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस विधेयक पर चर्चा में भाग न लेने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कार्य सलाहकार समिति में चर्चा के लिए समय पहले ही निर्धारित किया जा चुका था। उन्होंने कांग्रेस समेत विपक्ष से बार-बार अपील की थी कि ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक पर उचित चर्चा सुनिश्चित की जाए।

पार्लियामेंट में भेजा है बात बोलने के लिए हंगामा करने के लिए नहीं, लेकिन आप हिस्सा नहीं लेते हैं बिल में फिर आप बाहर में न्यूज में जाकर कहते हैं कि सरकार चर्चा नहीं कराते हैं, बिना चर्चा के बिल पारित करते हैं, ये इल्जाम आप नहीं लगा सकते, आपने अपना मौका गंवा दिया है। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं सहयोग करें, हंगामा न करें।

*************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ऊर्जा भंडारण प्रणालियों सहित तैरते सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं के विकास के लिए प्रधानमंत्री सूर्य सरोवर योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की को मंजूरी दी है। ।

नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना को 5 हजार 70 करोड़ रुपये के कुल लागत के साथ मंजूरी दी गई है। योजना की अवधि 5 वर्ष होगी श्री वैष्णव ने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं होगी। इसमें वर्तमान जलाशयों, नहरों और औद्योगिक तालाबों का उपयोग होगा।

उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत 5 हजार मेगावाट की तैरती सौर फोटोवोल्टिक परियोजनाओं का विकास किया जाएगा। इसमें ऊर्जा भंडारण प्रणालियां भी शामिल होंगी, जिनकी कुल ऊर्जा भंडारण क्षमता 10 हजार मेगावाट होगी।

श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया –

उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए पांच साल की अवधि में कुल 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये के वित्तीय खर्च को मंज़ूरी दी गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि अब तक 23 किस्तों के ज़रिए किसानों के बैंक खातों में सीधे 4 लाख 47 हजार करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

*************************************************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए 36 हजार 441 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ विस्तारित खेलो इंडिया योजना और राष्ट्रीय खेल संघों को दी जाने वाली सहायता में वृद्धि को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे प्रत्येक प्रतिभाशाली युवा को उत्कृष्टता का स्पष्ट मार्ग मिलेगा। श्री वैष्णव ने कहा कि यह योजना जमीनी स्तर से लेकर ओलंपिक तक अखिल भारतीय प्रशिक्षण सुविधाओं के निर्माण में सहायक होगी।

***********************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के पटियाला जिले के सनौर में अमर शहीद सरदार उधम सिंह के 87वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद उधम सिंह का अदम्य साहस, अटूट राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के सम्मान के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास का अमर अध्याय है।

मुख्यमंत्री ने जनता से आह्वान किया कि वे ऐसे महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और देश की प्रगति में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जरूरत है कि पंजाब को शहीद उधम सिंह की सोच के अनुरूप हँसता खेलता पंजाब बनाएं। उन्होंने पंजाब में हाल ही में हुई एक्साइज़ इन्स्पेक्टर की भर्ती में पारदर्शिता को लेकर और मौजूदा सरकार द्वारा की गई घोषणाओं के पूरा न होने पर भी सवाल उठाए।

*********************************

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज शहीद ऊधम सिंह के शहीदी दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चंडीगढ़ स्थित लोक भवन में शहीद ऊधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह का अदम्य साहस, अटूट राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद ऊधम सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें तथा देश की एकता, अखंडता और गौरव को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य करें।

*****************************************************

केंद् सरकार ने स्पष्ट किया है कि एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम भारत की खाद्य सुरक्षा से समझौता नहीं करता है। इसका उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना, आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना और किसानों को बेहतर प्रतिफल प्रदान करना है।

भारतीय खाद्य निगम के चावल का एथेनॉल उत्पादन में उपयोग किए जाने के संबंध में हालिया दावों पर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली के तहत खरीदे गए प्रत्येक अनाज को पहले सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, कल्याणकारी योजनाओं और अनिवार्य बफर स्टॉक के लिए आवंटित किया जाता है। खाद्य सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा प्रमाणित अधिशेष स्टॉक को ही एथेनॉल उत्पादन के लिए अनुमोदित किया जाता है।

सरकार ने इस दावे को भी खारिज कर दिया कि इथेनॉल मिश्रण केवल करदाताओं के समर्थन से ही चल रहा है। सरकार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य इथेनॉल को पेट्रोल से सस्ता करना नहीं, बल्कि वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उपभोक्ताओं की रक्षा करना है।

सरकार ने बताया कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम के परिणामस्वरूप अब तक एक लाख 97 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है । कच्चे तेल के आयात में 316 लाख मीट्रिक टन से अधिक की कमी आई है। कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 950 लाख मीट्रिक टन से अधिक की कटौती हुई है और किसानों और डिस्टिलरों को एक लाख 66 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ है।

*********************************************************************